# AJ-1057

## B.A. (Part–II) Term End Examination, 2021-22

### HINDI LITERATURE (Paper-I)

**Time : 3 hours]** **[Maximum Marks : 75**

**नोट–** *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए– **7×3=21**

(क) हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी,
आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी
यद्यपि हमें इतिहास अपना प्राप्त पूरा है नहीं
हम कौन थे इस ज्ञान को, फिर भी अधूरा है नहीं।

(ख) मानव! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति?
आत्मा का अपमान, प्रेत और छाया के प्रति
प्रेम अर्चना यही, करें हम मरण को वरण
युग-युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर?
मानव के मोहान्ध हृदय में किए हुए घर!

(ग) मेरे मालिक, मेरे अलगोजे से क्यों नाराज हो गए?
चिड़िया से चहका करते थे, अब चिड़ियों के बाज हो गए।
जब गुण्डा मोची, ढोलक पर अपनी थापें दे लेता है
तब सोहन दादा का मस्तक उन थापों पर डुल-डुल उठता
तब मेरे ओंठो में बेकाबू-सी उठती एक हरारत
अलगोजे से बजा-बजा मैं थापों का करता हूँ स्वागत।

(घ) ''तुम मध्य भाग के, महाभाग
तरु के उर के गौरव प्रशस्त
मैं पढ़ा जा चुका पत्र, न्यस्त
तुम अलि के नव रस-रंग राग।
देखो, पर क्या पाते तुम 'फल'
देगा जो भिन्न स्वाद रस भर,
कर पार तुम्हारा भी अन्तर
निकलेगा जो तरु का सम्बल।''

(ङ) ''मेरा कोई है नहीं
घर मुझे चाहिए;
घर के भीतर प्रकाश हो
इसकी भी मुझे चिन्ता नहीं है;
प्रकाश के घेरे के भीतर मेरा घर हो
इसी की मुझे तलाश है।
ऐसा कोई घर आपने देखा है?''

**2.** दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (कोई 2) **12×2=24**

(1) मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीय जागरण और सामाजिक चेतना के संवाहक हैं, स्पष्ट कीजिए।

(2) माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य में राष्ट्रीय ''भावनाओं की अभिव्यक्ति ओजपूर्ण और विद्रोह मूलक है।'' इस कथन पर अपने विचार लिखें।

(3) पंत के प्रकृति चित्रण का वर्णन कीजिए।

(4) प्रयोगवाद प्रवर्तक के रूप में अज्ञेय काव्य का भाव-सौन्दर्य लिखिए।

**3.** किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए– **5×3=15**

(1) राष्ट्रीय काव्यधारा।

(2) प्रगतिवाद की कोई चार विशेषताएँ।

(3) हरिऔध का साहित्यिक परिचय।

(4) ''जलियाँवाला बाग में वसन्त'' कविता का सौन्दर्य लिखिए।

(5) ''दो चिड़ियों का गान'' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

**4.** लघु उत्तरीय प्रश्न हल कीजिए– (कोई 15) **15×1=15**

(1) चिरगाँव में किस कवि का जन्म हुआ?

(2) उर्मिला किस काव्य की नायिका है?

(3) कवि निराला का कौन-सा शोकगीत अपनी पुत्री की स्मृति में लिखा?

(4) कवि निराला ने कौन-सा काव्य संग्रह निधन के बाद प्रकाशित हुआ?

(5) 'प्रिय प्रवास' किसकी कृति है?

(6) द्वितीय तार सप्तक का प्रकाशन वर्ष क्या है?

(7) निराला जी की किस कविता में इलाहाबाद का उल्लेख है?

(8) कोमल कान्त पदावली के कवि कौन हैं?

(9) ''विहग वर्ग के गर्म विधायक'' किस कविता की पंक्ति है?

(10) प्रयोगवाद के प्रवर्तक का नाम क्या है?

(11) ''कितनी नावों में कितनी बार'' किसकी कृति है?

(12) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का जन्म कहाँ पर हुआ था?

(13) सुभद्राकुमारी चौहान के काव्य संकलन का नाम क्या है?

(14) ''जलियाँवाला बाग में वसन्त'' किसकी रचना है?

(15) द्रुत पाठ में संकलित कवियों के नाम लिखिए।

(16) 'भटका मेघ' किसकी रचना है?

(17) ''अपोलो का रथ'' यात्रा वृत्त के रचनाकार कौन हैं?

(18) सर्वहारा वर्ग का उल्लेख किस वाद में मिलता है?

(19) छायावाद के उस रचनाकार का नाम लिखें जिसका जन्म बिलासपुर में हुआ?

(20) ''केंचुआ'' छन्द किसकी देन है?